**श्री टुनजी पाण्डेय, माननीय स0वि0प0 से प्राप्त तारांकित प्रश्न संख्या-आई0आर0-25 से**
**<u>उद्‌भूत आश्वासन सं0-10/182 का अद्यतन प्रतिवेदन</u>**

| क्र0 | प्रश्न | आश्वासन | अद्यतन अनुपालन प्रतिवेदन |
|---|---|---|---|
| (क) | क्या यह सही है कि सिवान जिला के दरौली एवं आन्धर प्रखण्ड से गुजरने वाली झरही नदी के दोनों तटबंध पर पक्कीकरण का कार्य वर्ष 2007 से लंबित है, | अस्वीकारात्मक। | झरही नदी के बायें एवं दायें तटबंध की कुल लंबाई क्रमशः 8.00-8.00 किलोमीटर है। वर्त्तमान में झरही बायाँ तटबंध के कुल 3500 मीटर की लंबाई तथा दायाँ तटबंध के 140 मीटर की लंबाई में तटबंध पर सड़क निर्मित है, जो अच्छी स्थिति में है। इसके अतिरिक्त बायाँ तटबंध पर अन्य 2.00 किलोमीटर की लम्बाई में भी सड़क निर्मित है, जिसके मरम्मति की आवश्यकता है। साथ ही दायाँ तटबंध के 5.15 किलोमीटर की लंबाई में सड़क का निर्माण कार्य ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा कराया जा रहा है।<br>झरही नदी पर निर्मित बायें एवं दायें तटबंध के शेष भाग में कुल 5.210 किलोमीटर की लम्बाई में पक्कीकरण कार्य तथा 2.000 किलोमीटर की लम्बाई में पूर्व से निर्मित सड़क के पुनर्स्थापन कार्य हेतु योजना प्राक्कलन तैयार किया गया है, जिसकी प्राक्कलित राशि रू0 1549.45 लाख है।<br>आगामी वित्तीय वर्ष में योजना की स्वीकृति नाबार्ड के तहत् प्राप्त करने हेतु प्रस्तावित है। |
| (ख) | क्या यह सही है कि दोनों तटबंधों पर पक्कीकरण कार्य का शिलान्यास वर्ष 2007 में माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार द्वारा किया गया था, | स्वीकारात्मक। | |
| (ग) | क्या यह सही है कि शिलान्यास के 8 वर्ष बीत जाने के पश्चात् भी पक्कीकरण का कार्य नहीं किया गया है, | आंशिक अस्वीकारात्मक। | |
| (घ) | यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार झरही नदी के दोनों तटबंध पर पक्कीकरण कार्य शीघ्र कराने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कबतक? | वस्तुस्थिति यह है कि झरही नदी के बाँये एवं दाँये तटबंध पर उच्चीकरण, सुदृढ़ीकरण एवं पक्कीकरण कार्य वर्ष 2007 में प्रारम्भ किया गया था। तटबंध निर्माण में मिट्टी भराई कार्य 3/4 भाग पूर्ण होने के पश्चात दिनांक-17.01.2008 को कुछ असमाजिक तत्वों द्वारा कम्पनी के दो रिश्तेदारों की हत्या कर दी गई। फलस्वरूप संवेदक द्वारा कार्य बन्द कर दिया गया।<br>विभाग द्वारा पुनः निविदा आमंत्रित कर झरही नदी के दाँये तटबंध के 0.00 कि0मी से 4.14 कि0मी0 उच्चीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य एवं बाँये तटबंध में 4.00 कि0मी0 में पक्कीकरण कार्य दिनांक 19.03.2013 तक करा लिया गया है तथा 4.00 कि0मी0 से 4.50 कि0मी0 के बीच पी0डब्लू0डी0 द्वारा सड़क बनाया गया है।<br>अवशेष झरही नदी के बाँये तटबंध में 4.50 कि0मी0 से 8.00 कि0मी0 एवं दाँये तटबंध में कि0मी0 0.00 से कि0मी0 7.650 के बीच बाँध का सुदृढ़ीकरण, उच्चीकरण एवं पक्कीकरण कार्य का प्राक्कलन तैयार करने हेतु मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग, सिवान के पत्रांक-768 दिनांक-17.03.2016 द्वारा कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, सिवान को निदेश दिया गया है। | |

**बिहार सरकार**
**जल संसाधन विभाग**

ज्ञापांक– 25 / वि0प0आ0(गो0)–12–03–2024– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि–उप सचिव बिहार विधान परिषद् सचिवालय, बिहार, पटना को उनके पत्रांक–122(6) दिनांक–31.08.2017 के क्रम में आश्वासन सं0–10 / 182 का अद्यतन प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(आलोक कुमार)
संयुक्त सचिव (अभियंत्रण)

ज्ञापांक– 25 / वि0प0आ0(गो0)–12–03–2024– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि–उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
संयुक्त सचिव (अभियंत्रण)

ज्ञापांक– 25 / वि0प0आ0(गो0)–12–03–2024– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि–प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
संयुक्त सचिव (अभियंत्रण)

ज्ञापांक– 25 / वि0प0आ0(गो0)–12–03–2024– 1294 पटना, दिनांक– 17/03/25

प्रतिलिपि–कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

17/03/25
संयुक्त सचिव (अभियंत्रण)